भारत संचार निगम लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
कार्यालय मुख्य महाप्रबन्धक दूरसंचार
विपणन शाखा, कमरा न0.07, दूरसंचार भवन, लाल कोठी, जयपुर . 302015
दूरभाष न0: 0141.2743316, फैक्स न0.: 0141.2743286

प्रेस विज्ञप्ति **क्रमांक:18/2021**
(13.5.2021)

बीएसएनएल की सेवाएँ अब व्हाट्सएप्प (9414024365) पर

बीएसएनएल ने वैश्विक महामारी कोरोना की दूसरी लहर की भयावहता को देखते हुए और राज्य सरकार द्वारा लगाए गए लॉक डाउन के दौरान अपने सम्माननीय उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए व्हाट्सएप्प कस्टमर केयर सेवा शुरू की है जिसमें उपभोक्ता डिजिटल माध्यम से घर बैठे ही बीएसएनएल की सेवाएं ले सकते हैं।

इस संबंध में राजस्थान बीएसएनएल परिमंडल के मुख्य महाप्रबंधक श्री संदीप गोविल ने बताया कि कि अब सम्माननीय उपभोक्ता घर बैठे ही बीएसएनएल के व्हाट्सएप्प कस्टमर केयर नम्बर 9414024365 पर डिजिटल प्लेटफॉर्म पर बीएसएनएल के नए लैंड्लाइन/ फाइबर कनेक्शन की बुकिंग एवं बिलों के भुगतान सहित बीएसएनएल टैरीफ/रिचार्ज के बारे में जानकारी प्राप्त करने के साथ साथ अन्य बीएसएनएल सेवाओं का भी लाभ उठा सकते हैं। यह एक इंटरैक्टिव सर्विस है जो 24 घंटे 365 दिन उपलब्ध होती है। इसलिए उपभोक्ताओं को याद करने में आसान नंबर 94140 24 365 दिया गया है। इस सेवा का लाभ लेने के लिए उपभोक्ताओं को **Hi** लिखकर उपरोक्त नंबर पर व्हाट्सएप्प करना होगा। राजस्थान परिमंडल के मुख्य महाप्रबंधक श्री संदीप गोविल ने महामारी के इस विकट दौर में सुरक्षा की दृष्टि से उपभोक्ताओं से घर पर रहकर उक्त व्हाट्सएप्प सेवा का भरपूर उपयोग करने की अपील की है।

(विकास चंदेलिया)
जन सम्पर्क अधिकारी